हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

11 ओएसजीयू ने 6660 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को किया...



12 बनभौरी में जोरदार हंगामे के बाद पेट्रोल पंप सील



## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री 4 व 5 को बरवाला-बाडो पट्टी में

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा 4 एवं 5 जुलाई को हिसार जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जुलाई को कैबिनेट मंत्री सुबह 10 बजे बरवाला के वार्ड नंबर-11 में संत शिरोमणि कबीर साहेब जी की 629 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सत्संग एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसी प्रकार 5 जुलाई को कैबिनेट मंत्री सुबह गांव बाडोपट्टी पहुंचेंगे। यहां वे 6 एकड़ भूमि पर बनने वाले राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। गांव के सरपंच पवन कुमार शास्त्री ने बताया कि इस भवन के निर्माण पर 16 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।

### गुजवि के कुछ कोर्सों में दाखिले की तिथि बढ़ी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुछ कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। आवेदक बीए-बीएड (आईटीईपी), बीएससी-बीएड (आईटीईपी), इंटीग्रेटेड बीए-एमए भगवदगीता, बैचलर ऑफ मेडिकल रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी, एमए हिंदी, एमए मास कम्युनिकेशन, एमएएससी जियोग्राफी सहित सभी एमटेक कार्यक्रमों में 10 जुलाई तक दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा ने बताया कि अभिभावकों व विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय ने इन कार्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है।

### चोरी की बाइक सहित एक आरोपी दबोचा

**हांसी।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोरखी निवासी रोहित के रूप में हुई है। बरामद बाइक गुरुग्राम के फर्रुखनगर थाना क्षेत्र से 2024 में चोरी हुई थी। एवीटी स्टाफ में तैनात एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान भिवानी रोड स्थित नहर पुल के पास पुलिस ने एक बिना नंबर प्लेट की बाइक पर आ रहे युवक को रुकने का इशारा किया पर वह बाइक मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे काबू कर लिया। आरोपी बाइक का कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। चेसिस नंबर की जांच में पता चला कि बाइक ग्रुरुग्राम के थाना फर्रुखनगर में दर्ज वर्ष 2024 के चोरी के मुकदमे से संबंधित है।

## मानसून की पहली बारिश, झमाझम बरसे बदरा

# मात्र 56 एमएम बरसात में ही बहे शहर से पानी निकासी के आधे-अधूरे इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मानसून ने जोरदार दस्तक दी। रात को शुरू हुई झमाझम बरसात से जहां पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों को बड़ी राहत मिली है, वहीं मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया है। जल निकासी के आधे अधूरे प्रबंधों के कारण बरसात से शहर के कई रिहायशी इलाके पूरी तरह जलमग्न हो गए। सुबह सड़कों से लेकर गलियों तक सिर्फ पानी ही पानी नजर आया।

■ ड्रेनेज सिस्टम फेल होने से भरा पानी

मौसम विभाग के अनुसार, देर रात से सुबह तक शहर में कुल 56.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जिसके चलते तापमान में भारी गिरावट आई। बारिश के चलते शहर के अधिकतम व न्यूनतम पारे में गिरावट आई है। न्यूनतम पारा सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरकर 21.7 पर पहुंच गया। दूसरी तरफ अधिकतम पारा भी सामान्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस से लुढ़ककर 32.3 डिग्री पहुंचा गया। पारे में आई गिरावट से लोगों को गर्मी व उमस से कुछ राहत मिली है। मानसून की पहली बरसात ने ही जिला प्रशासन और नगर निगम के जल निकासी के दावों की पोल खोलकर रख दी। हर साल मानसून से पहले नालों की सफाई और ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन बुधवार रात के इस इम्तिहान में सारे प्रबंध अधूरे नजर आए।





### इन इलाकों में भरा पानी

देर रात आई बरसात की वजह से शहर की ऑटो मार्केट, पुराना डोगरान मोहल्ला, अर्बन एस्टेट, सैनियान मोहल्ला, कप्तान स्कूल रोड, शांति नगर, राजीव नगर, ऋषि नगर, आजाद नगर क्षेत्र, मॉडल टाउन का कुछ हिस्सा और कई निचले इलाकों में दो से तीन फीट तक पानी भर गया। पानी निकासी की व्यवस्था ठप होने के कारण सुबह राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई गाड़ियां और दोपहिया वाहन पानी के बीच ही बंद हो गए।



### मेयर ने किया निकासी का निरीक्षण

हिसार। मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बरसाती पानी की निकासी के कार्यो व नालों की सफाई का किया निरीक्षण। उन्होंने नालों व सीवरेज की सफाई की व्यवस्था भी जांची। इस दौरान उन्होंने जयदेव ढाणी, कृष्णा नगर, डाबड़ा चौक, सीआईडी कॉलोनी, मॉडल टाउन, दिल्ली रोड स्थित सैनी स्वीट्स, सेक्टर 9-11 मोड़, मुन्ना स्वीट्स के आसपास तथा सेक्टर-14 आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर निगम और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल रहे। निरीक्षण के बाद मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि इस बार जलभराव की समस्या न हो इसके लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा मैं स्वयं समय-समय पर करता रहा हूं, ताकि किसी भी स्तर पर खामियां न हो। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जहां भी बारिश के बाद जलभराव या सीवरेज ओवरफ्लो की शिकायत मिले, वहां तुरंत कार्रवाई कर लोगों को राहत प्रदान की जाए। इस दौरान एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई अमित बेरवाल, एमई सुनील लांबा, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ संजय दूहन, जेई, पार्षद और पार्षद प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। पार्षद संजय डालमिया, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद डॉ. सुमन यादव, पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी आदि मौजूद रहे।

### नालों की सफाई पर सवाल

सामाजिक कार्यकर्ता त्रिलोक बंसल ने बुधवार रात हुई बारिश के बाद अर्बन एस्टेट-2 मार्केट के सामने सड़क पर जलभराव ने बरसाती नालों की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क किनारे बने बरसाती नाले, जिनका निर्माण बारिश जल की सुचारु निकासी के लिए करोड़ों रुपये की लागत से किया गया था, गंदगी और सिल्ट से भरे होने के कारण अपना उद्देश्य पूरा नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह है कि कम बारिश में भी नाले पूरी तरह जाम दिखाई दे रहे हैं, जिससे बारिश का पानी सड़क पर जमा होने से राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है कि बरसाती नालों की तत्काल प्रभाव से सफाई कराई जाए, ताकि आगामी बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

### धमाकेदार एंट्री

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार हरियाणा के राजस्थान से स्टे पश्चिमी हिस्सों के कुछ इलाकों को छोड़कर पूरे हरियाणा में मानसून की धमाकेदार एंट्री हो चुकी है। प्रदेश में अलसुबह से ही मानसून गतिविधियां देखने को मिलीं। आने वाले दिनों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। अगले पांच दिनों तक हरियाणा में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम और कुछ स्थानों भारी बारिश और तेज सतही हवाएं चलने की सम्भावना बन रही है।

### सरकारी अस्पताल के सामने भरा पानी, राहगीर परेशान



**नारनौंद।** मानसून की पहली हल्की बारिश ने प्रशासन के उन सभी दावों की पोल खोल दी जोकि उन्होंने बारिश के शुरू होने पहले से पहले किए थे। शहर के नागरिक अस्पताल के बाहर सड़क पर पानी जमा हो गया। जिसके कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जब यह नजारा अधिकारियों ने देखा तो कहा कि जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा। सरकार की तरफ से सख्त हिदायत दी गई थी कि मानसून से पहले ही शहर में सभी नालों की सफाई दुरुस्त की जाए। ताकि बारिश में कोई भी नाला गंदगी जमा होने के कारण ओवरफ्लो ना हो। बारिश के पानी की नालों से अच्छे तरीके से निकासी हो सके। क्योंकि गंदे पानी की निकासी न होने के कारण शहर की सड़कों ओर गलियों में जगह-जगह पानी जमा हो जाता हैं। गुरुवार की सुबह हुई हल्की बारिश से ही प्रशासन के उन सभी दावों की पोल खुल गई। शहर में काफी जगह पानी जमा हो गया। नारनौंद खांडा खेड़ी सड़क मार्ग पर सरकारी अस्पताल के सामने नाले ओवरफ्लो होकर सड़क पर पानी जमा हो गया। इस संबंध में नगर पालिका सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि नालो की सफाई करवा दी गई थी। किस कारण से नाले ओवरफ्लो हुए हैं। इसको देख जाएगा। जल्द ही इनकी सफाई करवाकर व्यवस्था को सुचारू रूप से बोल किया जाएगा।



## हांसी में बिजली संकट पर फूटा गुस्सा, लाल सड़क पर जाम

**हांसी।** वार्ड नंबर-4 में गुरुवार अलसुबह करीब 3 बजे से बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लंबे समय तक बिजली नहीं आने से परेशान वार्डवासियों ने पार्षद प्रतिनिधि अजय सैनी के नेतृत्व में लाल सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क जाम कर प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। हालांकि प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे। उनका कहना था कि जब तक बिजली निगम का अधिकारी मौके पर पहुंच बिजली आपूर्ति शुरू नहीं करवाई जाएगी, तब तक जाम नहीं हटाया जाएगा।

■ सुबह 3 बजे से बिजली गुल, सप्लाई बहाल कराने की मांग पर सड़क पर उतरे वार्डवासी, पुलिस ने किया समझाने का प्रयास

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि भीषण गर्मी और उमस के बीच कई घंटों से बिजली नहीं होने के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बिजली निगम के अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें मौके पर बुलाने का प्रयास किया, ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके। खबर लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी था और लाल सड़क पर जाम लगा हुआ था। बिजली निगम के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और बिजली आपूर्ति बहाल होने का वार्डवासी इंतजार कर रहे थे।

## चिकन कॉर्नर पर शराब पीने को लेकर विवाद, ग्राहक पर चाकू से किया हमला

» दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर छानबीन में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हिसार चुंगी स्थित एक चिकन कॉर्नर पर बुधवार रात को मामूली कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान होटल संचालक ने चिकन काटने वाले चाकू से एक ग्राहक पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घायल युवक के साथ आए साथियों ने होटल संचालक के साथ मारपीट कर दी। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सैनियान मोहल्ला निवासी ललित अपने कुछ दोस्तों के साथ हिसार चुंगी स्थित एक चिकन कॉर्नर पर गया था। जहां ललित की शराब पीने को लेकर होटल संचालक राजू के साथ कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि होटल संचालक राजू ने चिकन काटने वाले चाकू से ललित पर हमला कर दिया।



हांसी। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन घायल ललित व उसके साथी।

### घटना के बाद मची अफरा-तफरी

हमले में चाकू ललित की जांघ में लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घायल को बचाने के लिए आगे आए उसके साथियों ने बीच-बचाव किया। इस दौरान होटल संचालक के साथ भी मारपीट हुई, जिसमें उसे भी चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ललित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हिसार नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजनों द्वारा उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हत्या के आरोप में तीन महिलाएं पकड़ीं, वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया गया है।

इस बारे में अग्रोहा थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वर सिंह ने बताया कि गत 27 जून को अग्रोहा क्षेत्र में आपसी पारिवारिक विवाद के चलते हुई मारपीट के दौरान हनुमान की गंभीर चोटों के कारण मृत्यु हो गई थी, जबकि उनका पुत्र राजबीर उर्फ दीपक घायल हो गया था। इस संबंध में राजबीर उर्फ दीपक की शिकायत पर अग्रोहा थाना में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया।

जांच के दौरान पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी साहिल व सुरेन्द्र को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि तीन तीन महिला आरोपियों को अब गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ के दौरान महिला आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयोग किया गया डंडा बरामद कर लिया गया है।

## प्रदेश की खाप पंचायतें आज डीसी को सीएम के नाम सौंपेंगी ज्ञापन

» चानौत में पानी के लिए 48वें दिन भी जारी रहा धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

चानौत में पेयजल के लिए चल रहा आंदोलन गुरुवार को 48वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, बुजुर्ग और युवा अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। आंदोलनकारियों का कहना है कि गांव की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान और उनकी मांगें पूरी होने तक बेमियादी धरना जारी रहेगा। धरना समिति ने बताया कि आंदोलन के समर्थन में आज प्रदेशभर की खाप पंचायतें व किसान संगठनों के सदस्य अपने-अपने जिलों के उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगी। ज्ञापन में सरकार से चानौत गांव की पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करने, ग्रामीणों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने तथा आंदोलन का शांतिपूर्ण समाधान निकालने की अपील की जाएगी।



हांसी। पानी की मांग को लेकर चानौत धरना स्थल पर बैठी महिलाएं व ग्रामीण।

### खाप पंचायतों व संगठनों का मिल रहा समर्थन

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि पिछले 48 दिनों से ग्रामीण शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग उठा रहे हैं, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उनका कहना था कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और सरकार को इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कदम उठाने चाहिए। आंदोलनकारियों ने बताया कि आसपास के गांवों, विभिन्न खाप पंचायतों, किसान संगठनों और सामाजिक संगठनों का उन्हें लगातार समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में आज पूरे प्रदेश में जिला उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर सरकार तक ग्रामीणों की आवाज पहुंचाई जाएगी।

### बातचीत से सकारात्मक समाधान निकालने की अपील

धरना समिति ने पूर्व में घोषित आंदोलन कार्यक्रम का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आगामी कार्यक्रम निर्धारित योजना के अनुसार जारी रहेंगे। समिति ने सरकार से बातचीत के माध्यम से सकारात्मक समाधान निकालने की अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण संघर्ष के साथ-साथ संवाद के भी पक्षधर हैं।

## ट्यूलिप रिसॉर्ट में लाखों रुपये का गबन करके फरार हुआ जीएम

■ केस दर्ज करके जांच में जुटी पुलिस

**हिसार।** शहर के प्रसिद्ध ट्यूलिप रिसॉर्ट में लाखों रुपए के गबन का मामला पुलिस तक पहुंच गया है। आरोप है कि रिसॉर्ट का जनरल मैनेजर शादियों और अन्य फंक्शन्स के लिए होने वाली बुकिंग के लाखों रुपए लेकर फरार हो गया। रिसॉर्ट के पार्टनर अजय गुप्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विश्वासघात, धोखाधड़ी और चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायत के अनुसार, आरोपी अमरजीत सिंह मूल रूप से करनाल के मोर माजरा का रहने वाला है और इस समय पानीपत के सेक्टर 25 में रहता है। आरोप है कि अमरजीत को एक सितंबर 2025 को रिसॉर्ट की पूरी जिम्मेदारी सौंपकर जनरल मैनेजर के तौर पर रखा गया था। ग्राहकों से बुकिंग लेना, एडवांस पेमेंट संभालना और उसका हिसाब मालिकों को देना उसी की जिम्मेदारी थी। अजय गुप्ता ने बताया कि शादियों का भारी सीजन निपटने के ठीक बाद गत दो मई को आरोपी ने दो दिन के लिए घर जाने की बात कहकर छुट्टी ली थी, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद आने लगा। आरोपी जाते-जाते रिसॉर्ट का ऑफिशियल मोबाइल भी अपने साथ ले गया, ताकि कोई ग्राहक सीधा मालिकों से संपर्क न कर सके।

### यूं हुआ खुलासा

जब जनरल मैनेजर का कोई सुराग नहीं मिला, तो रिसॉर्ट के पार्टनर अजय गुप्ता ने खुद सभी ग्राहकों को फोन करना शुरू किया। इसके बाद जीएम के कारनामे एक-एक कर सामने आए। मैनेजर के दो बड़े गबन उजागर हुए हैं। पहला मामला सचिन, बहादुरगढ़ कहा है। पता चला कि 30 मार्च 2026 को रिसॉर्ट में एक फंक्शन था, जिसकी 9.71 लाख की पेमेंट पेंडिंग थी। आरोपी अमरजीत ने इसमें से 4.71 लाख खुद कैश और अपने पर्सनल अकाउंट में ले लिए और रिसॉर्ट के रिकॉर्ड में इसकी कोई एंट्री नहीं की। सचिन ने इसके व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट भी मालिकों को सौंपे हैं, जिसमें आरोपी खुद पैसे लेने की बात कबूल कर रहा है। दूसरा मामला आदित्य से जुड़ा है। इसी साल 12-13 फरवरी को हुए एक अन्य फंक्शन की राशि में से आरोपी 1.50 लाख की बुकिंग राशि सीधे अपनी जेब में डालकर साफ निकल गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सतर्क रहें, सुरक्षित रहें | पुलिस की तत्परता से सकुशल मिला बच्चा, सीसीटीवी फुटेज से खुला सुराग

## दुकान के बाहर खेलते 2 वर्षीय मासूम को लेकर रोहतक की बस में जा बैठा शराबी, मेहंदा मोड़ पर पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहर के मोची मोहल्ला क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब फास्ट फूड की दुकान के बाहर खेल रहा दो वर्षीय मासूम अचानक लापता हो गया। परिजनों की सूचना पर हांसी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी का पीछा शुरू कर दिया। पुलिस की मुस्तैदी तथा राहगीरों की सतर्कता के चलते करीब एक घंटे के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार हनुमान कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार की मोची मोहल्ला में फास्ट फूड की दुकान है। गुरुवार दोपहर करीब 12:15 बजे उनका दो वर्षीय बेटा विशाल दुकान के बाहर खेल रहा था। कुछ ही देर बाद जब परिजनों ने बच्चे को आसपास नहीं देखा तो उसकी तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बावजूद बच्चा नहीं मिला तो तत्काल डायल-112 पर सूचना दी गई।

### बस का किया पीछा

सूचना मिलते ही बस स्टैंड चौकी पुलिस और शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक व्यक्ति मासूम का हाथ पकड़कर बस स्टैंड की ओर जाता दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी बच्चे को लेकर रोहतक जाने वाली बस में सवार हो गया है। इसके बाद पुलिस की कई टीमें तुरंत सक्रिय हो गईं और संबंधित मार्ग पर बस का पीछा शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस लगातार आसपास के क्षेत्रों में भी सूचना प्रसारित करती रही।



### मेहंदा के चीता के रूप में हुई पहचान

आरोपी की पहचान गांव मेहंदा निवासी चीता के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में वह शराब के नशे में मिला। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसने बच्चे को किस उद्देश्य से अपने साथ ले गया था और उसके पीछे कोई अन्य कारण तो नहीं है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना समय गंवाए कार्रवाई शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी का पीछा किया गया और पुलिस टीमों के समन्वित प्रयास से बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन पुलिस अपने स्तर पर पूरे मामले की जांच कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करेगी।

### राहगीरों को संदिग्ध लगीं गतिविधियां

इसी बीच गढ़ी गांव के मेहंदा मोड़ के पास कुछ राहगीरों को एक व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। तथा उसके साथ मौजूद छोटा बच्चा भी घबराया हुआ दिखाई दिया तो लोगों ने उसे रोक लिया और पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेते हुए बच्चे को सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया। बाद में मासूम को सकुशल उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### परिजनों ने ली राहत की सांस

मासूम के सकुशल मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। परिवार ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और रास्ते में आरोपी को रोकने वाले सतर्क राहगीरों का आभार जताया। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पुलिस की तत्परता और आम नागरिकों की सजगता से बड़ी घटनाओं को समय रहते टाला जा सकता है।

# जोश-जुनून से भरपूर रोमांचक खेल फुटबॉल

बच्चो, इन दिनों सबसे पॉपुलर खेलों में से एक फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रूप से हो रहा है। 11 जून से शुरू हुआ फीफा वर्ल्ड कप 19 जुलाई को समाप्त होगा। क्या तुम जानते हो कि फुटबॉल की शुरुआत कैसे हुई, यह वर्तमान स्वरूप में कैसे पहुंचा? यहां हम इनके बारे में तुम्हें बता रहे हैं। साथ ही फुटबॉल के महान खिलाड़ियों और इससे जुड़े कुछ रोचक फैक्ट्स के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं।

स्पोर्ट्स नॉलेज
शिखर चंद जैन




बच्चो, फुटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में एक है। इसे 'द ब्यूटीफुल गेम' भी कहा जाता है। अधिकतर देशों में लोग फुटबॉल बड़े चाव से खेलते हैं। इन दिनों फुटबॉल की चर्चा इसलिए भी हर तरफ हो रही है, क्योंकि बीते 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। अरबों लोग इस खेल टूर्नामेंट को टीवी या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख रहे हैं। तुम भी अलग-अलग देशों की फुटबॉल टीमों के रोमांचक मुकाबले देख रहे होगे। हालांकि आज का आधुनिक फुटबॉल खेल हमेशा से ऐसा नहीं था। यह खेल हजारों वर्षों में कई बदलावों से गुजरकर अपने वर्तमान स्वरूप तक पहुंचा है।

**प्राचीन काल में हुई शुरुआतः** फुटबॉल की शुरुआत लगभग 2,000 साल पहले चीन में खेले जाने वाले 'सु-जू' नामक खेल से मानी जाती है। इसमें खिलाड़ी चमड़े की गेंद को बांस के खंभों के बीच लगे जाल में पहुंचाने की कोशिश करते थे। इसके अलावा प्राचीन ग्रीस और रोम में भी गेंद से खेले जाने वाले कई खेल प्रचलित थे, जिन्हें आधुनिक फुटबॉल का शुरुआती रूप माना जाता है।


फुटबॉल जैसा खेल सु-जू

**ऐसे हुई वर्तमान स्वरूप की शुरुआतः** आधुनिक फुटबॉल की नींव इंग्लैंड में रखी गई। अक्टूबर 1863 को लंदन में फुटबॉल क्लबों की बैठक हुई, जहां पहली बार इस खेल के आधिकारिक नियम तैयार किए गए। इसी बैठक के बाद 'फुटबॉल एसोसिएशन' की स्थापना हुई। पहले खिलाड़ी हाथ और पैर दोनों से खेलते थे। लेकिन नए नियमों में तय किया गया कि गेंद को मुख्य रूप से पैरों से खेला जाएगा। यहीं से फुटबॉल खेल के वर्तमान स्वरूप की शुरुआत मानी जाती है। बाद में वर्ष 1904 में फीफा की स्थापना हुई, जो आज दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का संचालन और नियम तय करने वाली सर्वोच्च संस्था है।

**फुटबॉल से जुड़े आविष्कारः** फुटबॉल का आविष्कार किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया, बल्कि यह समय के साथ विकसित हुआ। हालांकि कुछ लोगों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। चार्ल्स गुडईयर ने 1855 में पहली रबर की फुटबॉल तैयार की। इससे पहले गेंद जानवरों के ब्लैडर से बनाई जाती थी, जो ज्यादा टिकाऊ नहीं होती थी। फुटबॉल के शुरुआती नियमों और इस खेल की संरचना को विकसित-व्यवस्थित करने में इंग्लैंड के कई फुटबॉल क्लबों एवं इस खेल से जुड़े प्रशासकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रॉबर्ट एबट ने फुटबॉल के गोल पोस्ट और इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण नियमों को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। *

## विश्व के महान फुटबॉल-प्लेयर्स


**पेलेः** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले को 'किंग ऑफ फुटबॉल' और 'ब्लैक पर्ल' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 1,000 से अधिक गोल किए। वे ब्राजील को तीन फीफा विश्व कप जिताने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी हैं।


**डिएगो मैराडोनाः** अर्जेंटीना के खिलाड़ी डिएगो मैराडोना भी एक महान फुटबॉलर थे। उनका 'सदी का सबसे शानदार गोल' आज भी याद किया जाता है। फुटबॉल खेलने के दौरान उनकी ड्रिब्लिंग अद्भुत थी।


**लियोनेल मेसीः** मेसी को फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने कई व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स बनाए। 2022 में अर्जेंटीना को फुटबॉल विश्व कप जिताने में मेसी का महत्वपूर्ण योगदान था।


**क्रिस्टियानो रोनाल्डोः** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी फिटनेस, रफ्तार और हवा में ऊंची छलांग लगाकर हेडर मारने के लिए मशहूर हैं। वे अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।


**जिनेदिन जिदानः** फ्रांस के महान मिडफील्डर जिनेदिन जिदान अपनी शानदार तकनीक, बेहतरीन पासिंग और खेल की समझ के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। इन्हें 'मैदान का जादूगर' कहा जाता था।

## इंट्रेस्टिंग फैक्ट्स और रिकॉर्ड्स


फुटबॉलर हाकन शुकुर (व्हाइट जर्सी में)

**सबसे तेज गोलः** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड तुर्की के हाकन शुकुर के नाम है। 2002 फीफा विश्व कप में तुर्की के हाकन शुकुर ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच शुरू होने के सिर्फ 10.8 सेकेंड बाद गोल कर इतिहास रच दिया।
**सबसे ज्यादा बार वर्ल्ड कप विजेताः** ब्राजील ने अब तक सबसे ज्यादा 5 बार फीफा विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की है।
**सबसे ज्यादा दर्शकः** 1950 विश्व कप के ब्राजील और उरुग्वे के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को रियो डी जेनेरियो के माराकाना स्टेडियम में अब तक के सबसे ज्यादा लगभग दो लाख दर्शकों ने प्रत्यक्ष देखा था।


छोटी कहानी
रवि प्रकाश

# किताब का जादू

कबीर कक्षा सात का एक ऐसा छात्र था, जिसे लोग 'नोटिस' ही नहीं करते थे। वह न पढ़ाई में सबसे आगे था, न खेलकूद में। उसे लगता- इस बड़े से स्कूल की भीड़ में वह एक खोया हुआ बच्चा है। जब शिक्षक कोई सवाल पूछते, जवाब पता होते हुए भी कबीर अपना हाथ नहीं उठाता। उसे डर लगता था कि कहीं सब बच्चे उस पर हंस न दें।

एक दिन बाहर मूसलाधार बारिश हो रही थी। खेल का मैदान पानी से लबालब भरा था। कबीर स्कूल के पुस्तकालय के एक शांत कोने में जाकर बैठ गया। खिड़की पर बूंदें 'टप-टप' गिर रही थीं। अंदर पुरानी किताबों की एक सोंधी-सी महक फैली थी।

तभी उसकी नजर रैक के सबसे नीचे दबी एक फटी जिल्द वाली किताब पर पड़ी। उसने उसे बाहर निकाला। किताब का शीर्षक था- 'हौसलों की उड़ानः जिन्होंने दुनिया बदल दी।'

कबीर ने किताब पढ़ना शुरू किया। उसने पढ़ा कि महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन को बचपन में 'मंदबुद्धि' कहकर स्कूल से निकाल दिया गया था। कबीर ने इस किताब में यह भी पढ़ा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन एक नहीं दर्जनों बार चुनाव हारे थे। किताब के बीचों-बीच एक अनमोल वचन लिखा था- 'सूरज की तरह चमकने के लिए, पहले उसकी तरह जलना पड़ता है।' इस एक कथन ने कबीर के भीतर जैसे आत्मविश्वास का कोई सोता खोल दिया। उसे समझ में आ गया- प्रतिभा जन्म से नहीं, जिज्ञासा और मेहनत से आती है। उसने वह किताब पुस्तकालय से जारी करवाई और किसी खजाने की तरह संभालकर घर ले गया।

अब उसका खाली समय फोन या टीवी पर नहीं, प्रयोग करने में बीतने लगा। उसने अपने गांव का गंदा तालाब देखा और एक 'कम लागत वाला जल शोधक' (लो कॉस्ट वाटर फिल्टर) बनाने की ठान ली। घर के स्टोर रूम से पाइप, कोयला, कंकड़ और रेत इकट्ठा किया। कई बार पानी साफ नहीं हुआ। कई बार पाइप टूट गया और कमरे में कीचड़ फैल गया, लेकिन कबीर हारा नहीं, रुका नहीं। जब तब वह इस जादुई किताब के पन्ने पलटते रहता। बहुत कुछ जानता-सीखता। इनके आधार पर प्रयोग करता।



एआई इमेज

विज्ञान प्रदर्शनी के दिन कबीर का स्टाल सबसे पीछे था। बड़े-बड़े स्कूलों के बच्चे अपने महंगे-महंगे साइंटिफिक मॉडल लेकर आए थे। लेकिन जब निर्णायकों ने कबीर के साधारण से फिल्टर से गंदे नाले का पानी कांच जैसा साफ होते देखा-वे दंग रह गए।

जब बेस्ट इनोवेटर का पुरस्कार कबीर के नाम घोषित हुआ, तो मंच पर जाते समय उसका सिर गर्व से ऊंचा था। प्रिंसिपल ने पूछा, 'कबीर, यह प्रेरणा तुम्हें कहां से मिली?'

कबीर मुस्कुराया और बोला, 'सर, मुझे एक जादू की छड़ी मिल गई थी, जो पुस्तकालय की अलमारी में बरसों से मेरा इंतजार कर रही थी, उसी से कुछ कर दिखाने की प्रेरणा मिली।'

***सीखः*** *अच्छी किताबें केवल छपे अक्षर नहीं होतीं, वे बंद मस्तिष्क के ताले खोलने की चाबियां होती हैं। एक सही किताब हमारी जिंदगी की दिशा बदल देती है।* *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## सरल-सरस-मनोरंजक बाल कविताएं

कविताएं केवल मनोरंजन ही नहीं करें, गुदगुदाएं भी तो कहने क्या! कुछ इसी तरह का आनंद तुम्हें बाल साहित्यकार डॉ. सुरेश अवस्थी द्वारा रचित बाल कविताओं का संकलन 'बच्चों की फुलवारी' पढ़कर मिलेगा। इस संकलन में छोटी-बड़ी कुल 22 रोचक-मनोरंजक कविताएं हैं। संकलन की पहली कविता 'चूहे' बड़ी मजेदार है, इसमें तुम पढ़ोगे कि कैसे घर में उधम मचाते हुए चूहे पानी से भरे घड़े में गिर जाते हैं, पापाजी की अलमारी से नोट उड़ा ले जाते हैं, लेकिन बिल्ली को आता हुआ देखकर अपनी जान बचाते हुए भागकर बिल में छिप जाते हैं। एक कविता में तुम पढ़ोगे कि बंदर मामा नकली पंडित बनकर ब्याह कराने तो बड़े मजे से आते हैं, लेकिन मंत्र न पढ़ पाने के कारण उन्हें हंसी का पात्र बनकर भागना पड़ता है। 'जलेबी' कविता में तो जलेबी को अन्य कई मिठाइयों की रिश्तेदार बताया गया है। उसे इमरती की बहन, रसगुल्ले की चाची, काला जाम की बुआ बताते हुए नरम-रसभरी कहा गया है। 'मेला' कविता में रंग-बिरंगे गुब्बारे हैं, लड्डू-पेड़ा है, झूलों और खेल-खिलौनों का संसार है। 'बूढ़ी दादी' कविता में एक बच्चा पहले दादी से पके बाल, पिचके गाल और दांत न होने की बातें पूछता है फिर बड़े प्यार से 'करवा दो तुम मेरी शादी, बूढ़ी दादी-बूढ़ी दादी' कहकर कविता में रस घोल देता है। 'मेरी कलम', 'आई रेल', 'गुड़िया की ससुराल', 'रोज सवेरे', 'तितली' और 'छम-छम नाचे वर्षा रानी' जैसी कविताएं इतनी सरल हैं कि पढ़ते-पढ़ते ही तुम्हें याद हो जाएंगी। कौआ और लोमड़ी की कहानी को भी कवि ने कविता में ढालकर फिर से कौए को मूर्ख और लोमड़ी को चालाक बताया है। 'हमारा स्कूल', 'लट्टू' और 'मेरा घोड़ा' जैसी संग्रह की छोटी-छोटी कविताएं भी बहुत प्यारी हैं। *



**किताबः** बच्चों की फुलवारी (बाल कविता संग्रह), **लेखकः** डॉ. सुरेश अवस्थी, **मूल्यः** 75 रुपए, **प्रकाशकः** ईरा पब्लिशर्स, कानपुर


कहानी
संजीव जायसवाल 'संजय'

कमलापुर गांव में एक बहुत पुराना विशाल बरगद का वृक्ष था। एक दिन अचानक इस वृक्ष से ढोल की आवाजें आने लगीं। गांव वाले दहशत में आ गए कि बरगद के वृक्ष पर जिन्नों का डेरा हो गया है, वही ढोल बजाते हैं। लेकिन मुकुल को यह बात बड़ी अजीब-सी लगी। उसने इस रहस्य का सच सामने लाकर दम लिया।

# रहस्यमयी ढोल

कमलापुर गांव के बाहरी हिस्से में एक बहुत विशाल और पुराना बरगद का वृक्ष था। गांव के लोग उसे एक पवित्र वृक्ष मानते थे। इस वृक्ष के नीचे अपने धार्मिक अनुष्ठान और मांगलिक कार्य किया करते थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से उस वृक्ष को लेकर पूरे गांव में अफवाह फैल गई थी कि वृक्ष पर जिन्न रहने लगे हैं। लोगों ने डर के मारे उस तरफ जाना ही छोड़ दिया।

हुआ यह था कि एक रात गांव में बहुत तेज आंधी आई, इस आंधी में अचानक बरगद के वृक्ष की ओर से जोर-जोर से ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। अगले दिन पूरे गांव में अफवाह फैल गई कि रात में उस वृक्ष पर 'जिन्नों' का कब्जा हो गया है। वे रात में ढोल बजाकर नाच रहे थे, इसीलिए भयंकर आंधी आई थी।

अगली रात कुछ किसान खेतों में रखवाली कर रहे थे कि अचानक फिर ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। किसान घबराकर घर भाग आए। अब तो जितने मुंह उतनी बातें। लोगों ने डर के कारण उधर बरगद के वृक्ष के पास जाना छोड़ दिया। गांव के बच्चे डर के मारे शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे।

उसी गांव में चौदह साल का मुकुल रहता था। मुकुल को विज्ञान की किताबें पढ़ना बहुत पसंद था। वह हर बात के पीछे का कारण जानने की कोशिश करता था। उसे 'जिन्न' वाली बात पर बिल्कुल विश्वास नहीं हुआ। उसने अपने विज्ञान के शिक्षक से सीखा था कि भूत-प्रेत-जिन्न सिर्फ भ्रम और अंधविश्वास होते हैं, असलियत में इनका कोई वजूद नहीं होता।

एक दिन वह अपने दोस्तों के साथ बैठा था, तभी राजू ने बताया, 'गांव के लोग वहां एक विशाल यज्ञ करवाने की सोच रहे हैं, ताकि उन जिन्नों को भगाया जा सके।'


एआई इमेज

'यह तो सरासर अंधविश्वास है, पैसों की बर्बादी भी! जब भूत-प्रेत और जिन्न होते ही नहीं, तो उन्हें भगाने के लिए यज्ञ कैसा? हम सब विज्ञान के छात्र हैं, हमें ऐसी दकियानूसी बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।' मुकुल अपनी बात पर जोर देते हुए बोला।

'अगर जिन्न नहीं होते, तो फिर रात के सन्नाटे में ढोल कौन बजाता है?' पिंटू ने उसकी बात काटते हुए पूछा।

'अगर तुम लोग मेरा साथ दो, तो आज रात इस रहस्य का पता लगाया जा सकता है।' मुकुल बोला।

पहले तो राजू और पिंटू डर के मारे तैयार नहीं हुए, लेकिन मुकुल के हौसला बढ़ाने पर वे सब शाम को अंधेरा होने पर बरगद के वृक्ष की ओर चल दिए। चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ था। अचानक मौसम बदला और तेज हवा चलने लगी। इसी के साथ बरगद के पेड़ से 'ढम-ढम ढमाक-ढम' की डरावनी आवाजें गूंजने लगीं।

'भागो! जिन्न आ गए!' राजू और पिंटू डर कर भागने लगे।

लेकिन मुकुल अपनी जगह पर खड़ा रहा। उसने राजू और पिंटू को रोका। मुकुल ने अपनी टॉर्च की रोशनी को बरगद की ऊंची डालियों की तरफ घुमाया। वहां का नजारा देख वह खिलखिलाकर हंस पड़ा फिर आवाज लगाई, 'दोस्तों! भागो मत, मैंने जिन्न को पकड़ लिया है!'

राजू और पिंटू ने सहमते हुए मुकुल की तरफ देखा। बरगद की एक मोटी और झुकी हुई डाल के बीच में एक बड़ा-सा ढोल फंसा हुआ था। जब-जब तेज हवा चलती, तो बरगद की एक दूसरी सूखी और भारी टहनी हवा के दबाव से उस ढोल से टकरातीं, जिससे 'ढम-ढम' की आवाज आ रही थी। दिन के शोर-शराबे में यह आवाज दूर तक नहीं जाती थी, लेकिन रात के सन्नाटे में बहुत भयानक लग रही थी।

मुकुल ने पास पड़ी एक लंबी लकड़ी की मदद से उस ढोल को डाल से नीचे गिरा दिया। उसे रोकने के लिए कोई जिन्न सामने नहीं आया। जिन्न का रहस्य तो खुल गया, लेकिन अब बड़ा सवाल यह था कि आखिर यह ढोल इतनी ऊंची डाल पर पहुंचा कैसे?

मुकुल ने जब ढोल को उलट-पुलट कर देखा। उस पर लाल रंग से लिखा था 'गोपाल कीर्तन मंडली, गांव-लक्ष्मीनगर' और नीचे एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। मुकुल ने तुरंत अपनी जेब से मोबाइल निकाला और उस नंबर पर फोन लगा दिया। फोन लक्ष्मीनगर के गोपाल जी ने उठाया। मुकुल ने जब उनसे बरगद के पेड़ वाले ढोल के बारे में पूछा, तो गोपाल जी चौंक गए और फिर राहत की सांस लेते हुए बोले, 'बेटा! बहुत-बहुत धन्यवाद। पांच दिन पहले हम सपरिवार उसी पेड़ के नीचे अपने पोते का मुंडन कराने आए थे। वहां हमने भजन-कीर्तन भी किया था। कीर्तन के बाद जब सब खाना खाने बैठे, तो छोटे बच्चे ढोल को जोर-जोर से पीटकर ऊधम मचाने लगे। ढोल कहीं फट न जाए, इसलिए एक रिश्तेदार ने उसे ऊपर बरगद के वृक्ष की एक ऊंची डाल के बीच में छिपाकर टांग दिया था। शाम को लौटते समय हम लोग ढोल वहीं भूल आए थे। कल आकर उसे ले लूंगा।' जिन्न का रहस्य खुल चुका था। पिंटू ने उस ढोल को अपने गले में टांग लिया और उसे जोर-जोर से बजाते हुए तीनों दोस्त गांव की ओर लौट पड़े। ढोल की आवाजें करीब आती देख गांव वाले बुरी तरह से घबरा गए, लेकिन बाद में असलियत जान सभी ने राहत की सांस ली और अपने आप पर हंसे भी। मुकुल की बुद्धिमानी ने गांव वालों के अंधविश्वास को दूर कर दिया था। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## पहलवान

सब मेवे कर गए सफाचट,
और दूध भी गए फटाफट।
दांव-पेंच सब इनको आते,
भांति-भांति के हाथ दिखाते।
मुग्दर-दंड उठाए अब तक,
लगा रहे अब उठक-बैठक।
ये शौकीन बड़े कुश्ती के,
सच में हैं पुतले चुस्ती के।
पहलवान इनसे थर्राते,
लड़ने जल्दी पास न आते।
जीत चुके हैं दंगल सारे,
कल के गामा यही हमारे।

## जीके क्विज-212

1. फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?
3. हाल ही में किसे एक बार फिर से भारत का सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है?
4. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
5. भारत में मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. सहारा मरुस्थल किस महाद्वीप में स्थित है?
7. यूक्रेन की राजधानी कहां है?
8. भारत का सर्वोच्च न्यायालय कहां स्थित है?
9. मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि (ग्लैंड)कौन-सी है?
10. कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया था?



बच्चों, जीके क्विज-212 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-211 का उत्तर :** 1.बिहू पेपा, 2.स्मृति मंधाना, 3.ओम बिरला, 4.फुटबॉल, 5.मुंबई, 6. 5 वर्ष, 7.पोखरण (राजस्थान), 8.बहादुर शाह 'जफर', 9.सिक्किम, 10.जापान

**जीके क्विज-211 का सही उत्तर देने वाले :** संकेत-रायपुर, सुगंधा-बिलासपुर, कृष्णा-रोहतक, भारती-दुर्ग, जिया शिया-रायगढ़, कबीर-हिसार, अभिनीत-ईमेल से, सुमन-महासमुंद, कुशाग्र-दुर्ग, हर्षित-बलौदा बाजार, शिवम-रोहतक

## रंग भरो-205

**रंग भरो-205** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आशुतोष, उमरिया


आशना, जांजगीर


दिशा, बिलासपुर


यतिका, कोरबा


साक्षी, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आद्या-उमरिया, प्रगति-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रेणुका-बिलासपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, शुभम-रायगढ़, अर्पित-कोरबा, सना-बलौदा बाजार, आशुतोष-दुर्ग, कुसुम-हिसार

## रंग भरो 206



बच्चो, यहां दिए गए सुंदर से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय मॉडर्न पेंटाथलॉन के लिए सौम्या चयनित

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की कक्षा 8वीं की छात्रा सौम्या का चयन राष्ट्रीय मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप–2026 के लिए हुआ है। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने सौम्या को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि सौम्या ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह सिद्ध किया है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### गुजवि के नौ विद्यार्थी जेबीएम ग्रुप में चयनित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से भारत के प्रमुख औद्योगिक समूहों में से एक जेबीएम ग्रुप के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के नौ विद्यार्थियों का चयन हुआ है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थी बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग से पंकज, अजय कुमार, अभिषेक सिंह जसरोटिया, भार्गव, तरुण, सौरभ, गौरव कुमार, विवेक और प्रेम चंद हैं।

### मार्केट व मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का विशेष अभियान लगातार जारी है। गुरुवार को नगर निगम की टीम ने बालसमंद रोड व घोडा फार्म रोड से अतिक्रमण हटाकर की। इसके बाद टीम ने राजगुरू मार्केट, बाला जी मार्केट, आर्य बाजार, बिश्नोई मंदिर मार्केट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद टीम ने दिल्ली रोड पुष्पा काम्प्लैक्स से लेकर जिन्दल चौक फूटपॉथ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए 5 से 6 रेहड़ियों के सामान जब्त किए गए। इसके अलावा टीम ने पड़ाव चौक पर बांस व्यापारियों के द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

### एनआईआरसी ने मनाया सीए दिवस

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 78वां सीए दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, पर्यावरण संबंधी व स्वास्थ्य सरोकारों से जुड़े आयोजन किए गए। सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में सीए दिवस मनाते हुए प्रातः मैराथन का आयोजन किया गया।

### चिकित्सकों और सीए का किया सम्मान

**हांसी।** लायन्स क्लब हांसी द्वारा बुधवार को सीए डे और डॉक्टर डे के अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। समारोह में सीए पंकज सिंगल, सीए नवीन गर्ग, सीए सुमित गोयल, सीए अंकित अरोड़ा तथा डॉ अंकित मित्तल, डॉ राकेश चम, डॉ अखिलेश सिंगल और डॉ. एसके आहूजा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान लायन संजय बंसल, सचिव लायन प्रवीण गर्ग, लायन सुरेश बंसल, लायन रामसरूप खट्टर, लायन गोपाल कृष्ण मुंजाल, लायन अशोक बंसल, लायन दीपक मित्तल, लायन अशोक भुटानी उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय रक्त जांच शिविर लगाया

**हिसार।** भारत विकास परिषद व श्री श्याम शाखा की ओर से भारत विकास परिषद के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सेक्टर 14 में स्थित सुभाष पार्क में एक दिवसीय निशुल्क रक्त जांच शिविर लगा। श्री श्याम शाखा के प्रधान संजय मित्तल व सचिव संदीप मित्तल ने बताया कि रक्त जांच शिविर में सिटी कालडा पैथ लैब व शाखा के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। रक्त जांच शिविर में 100 से ज्यादा लोगों ने जांच करवाई।

## अभी तक हुआ लगभग 35 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य

# डिजिटलाइजेशन कार्य में तेजी लाने की डीसी ने दी हिदायत

**व्यापक प्रचार प्रसार करें, जिससे कि कोई मतदाता नाम जुड़वाने से वंचित न रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत वीरवार को अधिकारियों, बीएलओ व सुपरवाईजरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त महेंद्र पाल ने की। उपायुक्त ने कहा कि पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि बीएलओ व सुपरवाइजर डोर-टू-डोर सर्वे के दौरान घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि अभी तक लगभग 35 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य हुआ है। इसमें तेजी लाने की दी हिदायत देते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए राजनीतिक दलों का सहयोग लिया जाए। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करवाएं ताकि मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी व त्रुटिरहित बनाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि एएसडी मार्क्ड और बीएलओ कमेंट्स समय पर ऐड किए जाएं। सभी मतदान केंद्रों पर डिस्प्ले बोर्ड में आवश्यक नोटिस लगवाए जाएं। लोगों द्वारा बीएलओ को दिए गए सभी फॉर्म का निपटारा समय रहते पूरा करवाना सुनिश्चित करें। बूथ लेवल एजेंट का भी सहयोग लें।

इस अवसर पर एडीसी शालिनी चेतल, एसडीएम हिसार ज्योति मित्तल, एसडीएम बरवाला अश्वीर नैन, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ नरेंद्र कुमार एवं चुनाव तहसीलदार जगदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**हिसार।** बैठक में दिशा निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### डिजिटलीकरण की धीमी गति पर जताई नाराजगी

- 20 बूथ लेवल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**हांसी।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत गणना फॉर्मों के डिजिटाइजेशन कार्य में धीमी प्रगति पर एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीयन अधिकारी राजेश खोथ ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। गुरुवार को उन्होंने अभियान की प्रगति की समीक्षा को लेकर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) तथा सुपरवाइजरों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें कार्यों की एक-एक कर गहनता से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान यह सामने आया कि विधानसभा क्षेत्र के 20 ऐसे बूथ लेवल अधिकारी हैं, जिनके द्वारा अब तक 10 प्रतिशत से भी कम गणना फॉर्म पोर्टल पर डिजिटाइज किए गए हैं।

इस पर एसडीएम राजेश खोथ ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी संबंधित 20 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने संबंधित सुपरवाइजरों को भी फटकार लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने अधीन कार्यरत बीएलओ की निगरानी और मार्गदर्शन में गंभीरता नहीं दिखाई है।

## खेड़ी चोपटा के निजी अस्पताल पर छापा, रिकॉर्ड किया जब्त



खेड़ी चोपटा के निजी अस्पताल में जांच करती डाक्टरों की टीम।

**नारनौद।** खेड़ी चोपटा के बरवाला रोड पर श्री कृष्णा मल्टीसशलिटी अस्पताल में गलत तरीके से जन्म रजिस्ट्रेशन की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार देर शाम को दबिश देकर रिकॉर्ड को जब्त कर लिया। वही 31 तरह की एलोपैथिक दवाइयां भी सील की गई है। जिनको जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। मौके पर दो डॉक्टर पाए गए। जिनका रजिस्ट्रेशन उत्तर प्रदेश से है। अस्पताल में जो खामियां मिली है उनको लेकर लीगल एडवाइज ली जाएगी, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल में दाखिल एक गर्भवती महिला की हालत को नाजुक देखते हुए डॉक्टरों की टीम ने उसको हिसार रेफर कर दिया। मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

गुरुवार की शाम को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से खेड़ी चोपटा पर श्री कृष्णा मल्टीसशलिटी अस्पताल में फर्जी जन्म रजिस्ट्रेशन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारा। टीम इंचार्ज इंचार्ज डॉ विक्रम गोरिया, डॉक्टर अनु दलाल ड्रग इंस्पेक्टर डॉ अजय कुमार शामिल थे। जैसे ही टीम अस्पताल में पहुंची तो हड़कंप मच गया। वहां पर काम कर रहे कर्मचारी भाग निकले। वहां दो डॉक्टर पाए गए जोकि उत्तर प्रदेश छछरौली की डॉ शिवानी और बिहार के डॉक्टर आकिब मौजूद मिले। टीम ने उनको कागजात दिखाने के लिए कहा तो उन्होंने उत्तर प्रदेश से रजिस्ट्रेशन के प्रमाण पत्र दिखाएं जिनका हरियाणा में कोई रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। अस्पताल में 31 तरह की एलोपैथिक दवाइयां भी पाई गई हैं जिनको जब्त कर लिया गया।

टीम इंचार्ज डॉ विक्रम गोरिया ने बताया कि हमें शिकायत मिली थी कि इस अस्पताल में गलत तरीके से पैसे लेकर जन्म रजिस्ट्रेशन किया जा रहा हैं। उसी के आधार पर कार्यवाही की गई है।

## होली चाइल्ड की पूर्व छात्रा हिमांशी का शानदार प्रदर्शन



**हिसार।** विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु के साथ हिमांशी व अन्य।

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रतिभाशाली पूर्व छात्रा हिमांशी ने कॉर्फबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित प्रथम जूनियर राष्ट्रीय कॉर्फबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय, अपने परिवार तथा पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 26 जून से 28 जून तक पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एल.पी.यू.) में आयोजित की गई जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की टीमों ने भाग लिया। जीत के बाद विद्यालय परिसर पहुंची हिमांशी ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान हरियाणा टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने जम्मू-कश्मीर को 10-3 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला भी बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि हरियाणा की टीम को कड़े संघर्ष के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की सभी ने सराहना की।

## सफल इलाज की शुरुआत भरोसे से होती है : डॉ. रितु

### बढ़ता कार्यभार बन गई कठिन चुनौती

- अस्पताल आने वाला हर व्यक्ति अपने साथ डर, असमंजस और उम्मीद लेकर आता है, स्वस्थ होने पर बढ़ता है भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्व डॉक्टर दिवस के अवसर पर जिंदल स्टेनलेस की स्वास्थ्य सेवा पहल जिंदल हॉस्पिटल की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रितु चोपड़ा ने कहा कि सफल इलाज केवल दवाओं और आधुनिक तकनीक से नहीं, बल्कि मरीज के प्रति भरोसे, संवेदनशीलता और मानवीय व्यवहार से भी संभव होता है। डॉ. रितु चोपड़ा ने अपने जीवन का एक भावनात्मक अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2017 में उन्हें थायरॉयड कैंसर का पता चला। सर्जरी के बाद गंभीर जटिलताएं उत्पन्न हुईं और उसी अस्पताल की मेडिकल टीम ने उनकी जान बचाई, जहां वह वर्षों से मरीजों का उपचार करती आ रही थीं। इस घटना ने उन्हें मरीजों की भावनाओं और उनकी मानसिक स्थिति को पहले से कहीं अधिक गहराई से समझने का अवसर दिया।

उन्होंने कहा कि जब तक मैं स्वयं मरीज नहीं बनी थी, तब तक यह पूरी तरह महसूस नहीं कर पाई थी कि अस्पताल आने वाला हर व्यक्ति अपने साथ डर, असमंजस और उम्मीद लेकर आता है। डॉक्टर का एक भरोसा देने वाला शब्द भी उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाता है। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि आज डॉक्टरों के सामने लगातार बढ़ता कार्यभार, इमरजेंसी सेवाएं और मानसिक दबाव बड़ी चुनौती बन चुके हैं। ऐसे में डॉक्टरों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है।

## ओएसजीयू ने 6660 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- विद्यार्थियों को मिलेगा ग्लोबल एक्सपोजर : डॉ. गोयल

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय और गरिमा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पूरे प्रदेश में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। दो महीने तक चले इस अभियान के तहत राज्य के विभिन्न शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन कर कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 6,660 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में भारी संख्या में छात्र, उनके अभिभावक और शिक्षक मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ पुनम गोयल ने अपने संदेश के माध्यम से हर विद्यार्थी को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा ही हमारे देश का भविष्य हैं। विद्यार्थियों के ग्लोबल एक्सपोजर मिलेगा। सम्मान समारोह का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक सफलता को आंकना नहीं, बल्कि उनके भीतर छिपी सपनों और संभावनाओं को पंख देना है। विभिन्न शहरों में आयोजित हुए इन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के गणमान्य अधिकारियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सम्मान के साथ-साथ इस आयोजन का मुख्य आकर्षण करियर काउंसलिंग सत्र रहा। इसमें विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों का बहुमूल्य मार्गदर्शन किया गया, ताकि वे 12वीं के बाद बिना किसी भ्रम के अपनी योग्यता के अनुसार सही करियर चुन सकें।

### कृष्ण सुदामा गोधाम गोशाला में पक्षियों के लिए बनाया रैन बसेरा



**हिसार।** निकटवर्ती गांव चौधरीवास में स्थित श्री कृष्ण सुदामा गौधाम (छतरियों वाली) गौशाला में गौशाला के प्रधान सजंय डालमिया, गोपाल डालमिया, पवन डालमिया, हरिकिशन डालमिया, संजीव मित्तल (काका बाऊ) गौधाम कार्यकारणी व गांव वासियों की उपस्थिति में बेजुबान पक्षियों के लिए छह मंजिल 'पक्षी विहार'(पक्षियों का रैन बसेरा) बनवा कर समर्पित किया। श्री कृष्ण सुदामा गौधाम (छतरियों वाली) गौशाला प्रधान संजय डालमिया ने बताया कि इस रहन बसेरा में एक साथ लगभग दो हजार पक्षी विश्राम कर सकते हैं व बारिश के मौसम में उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। संजय डालमिया ने कहा कि बेजुबान पक्षियों की सेवा करना मानवता और अध्यात्म का सबसे सुंदर रूप है। इससे मनुष्य को मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और पुण्य की प्राप्ति होती है।



**नारनौंद।** जरूरत किसानों को आर्थिक सहायता राशि भेंट करते चेयरमैन।

### मार्केट कमेटी की तरफ से लोगों को दी लाखों की आर्थिक सहायता : शमशेर मोर

**नारनौंद।** मार्केटिंग बोर्ड की तरफ से मुख्यमंत्री खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत मार्केट कमेटी बास के चेयरमैन शमशेर मोर ने सात लोगों को आर्थिक सहायता वितरित की। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के सचिव सतीश कुमार भी मौजूद थे। शमशेर मोर ने बताया कि योजना के तहत बास क्षेत्र में गांव बडाला के किसान कैलाश की खेत में काम करते समय मौत हो गई थी। उसकी पत्नी संतोष को पांच लाख रुपये की राशि दी गई है। गांव भकलाना की मुकेश देवी को पांच लाख, गांव खांडा खेड़ी के रवि कुमार को 37 हजार 500, खांडा खेड़ी के शिव कुमार को 37 हजार 500, गांव कुंभा के राजेंद्र को 37 हजार 500, गांव बास बादशाहपुर की सुदेश कुमारी को 37 हजार 500, गांव बास आजमशाहपुर की चंद्रो को 37 हजार 500 रुपये की राशि भेंट की गई है।

## सरकार के खिलाफ फूटा फायर ब्रिगेड और पालिका कर्मचारियों का गुस्सा

- अगस्त में अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

सरकार द्वारा अग्निशमन विभाग व नगरपालिका से लगभग 13 हजार पे-रोल सफाई कर्मचारी व 12 सौ पे-रोल फायरमैन व चालकों को नियमित करने की मांग को लागू न करने पर प्रदेशभर के पेरोल, नियमित व एचकेआरएनएल दमकल कर्मियों में भारी रोष बना हुआ है। गुरुवार को नगर पालिका नारनौंद के प्रांगण में फायर व नगर पालिका के कर्मचारियों ने दूसरे दिन की गेट मीटिंग की और नारेबाजी की। हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के देवेन्द्र लोहान, जसबीर श्योकंद ने कहा कि 13 मई को चंडीगढ़ में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में फायर व नगरपालिका यूनियन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक हुई थी। सरकार ने फायर व नगरपालिका के कर्मचारियों की मांगों को स्वीकार करते हुए 30 जून से पहले मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर सभी पे-रोल कर्मचारियों को नियमित करने तथा अन्य मांगों के आदेश जारी करने का भरोसा दिया था, लेकिन आज तक सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया।



**नारनौंद।** नगर पालिका में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

### बरवाला एसडीएम ने जाट एजुकेशन सोसायटी का प्रशासनिक कार्यभार संभाला

**हिसार।** सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में जाट एजुकेशन सोसायटी, का प्रशासनिक कार्यभार एसडीएम बरवाला अश्वीर सिंह ने प्रशासक के रूप में औपचारिक रूप से ग्रहण कर लिया। हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसाइटीज एक्ट, 2012 की धारा 67 एवं 68 के तहत हरियाणा के राज्यपाल द्वारा एसडीएम बरवाला को सोसायटी के दैनिक कामकाज के संचालन तथा सोसाइटी के चुनाव कराने के उद्देश्य से प्रशासक नियुक्त किया गया है। यह आदेश उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमित कुमार अग्रवाल द्वारा जारी किया गया था। जाट एजुकेशन सोसायटी के अंतर्गत पांच प्रमुख शैक्षणिक संस्थान सीआरएम जाट कॉलेज, सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सीआर लॉ कॉलेज, जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा सीआर पब्लिक स्कूल संचालित होते हैं।



**हिसार।** कार्यभार संभालते बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन।

## 'समरस और समर्थ भारत' का लिया संकल्प

# समरसता विचार मात्र नहीं, बल्कि भारत की आत्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कुछ दृश्य केवल देखे नहीं जाते, वे इतिहास की स्मृतियों में अंकित हो जाते हैं। कुछ क्षण केवल बीतते नहीं, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। अग्रोहा धाम में ऐसा ही एक अलौकिक दृश्य साकार हुआ, जब 21 पंथ-परम्पराओं के पूज्य संत-महात्मा एक ही मंच पर विराजमान हुए। अलग-अलग वेश, अलग-अलग साधना परम्पराएं, अलग-अलग अखाड़े—लेकिन हृदय में एक ही संकल्प—'समरस भारत, समर्थ भारत।' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामाजिक समरसता गतिविधि के तत्वावधान में आयोजित यह ऐतिहासिक संत समागम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं था, यह भारतीय संस्कृति की उस जीवंत चेतना का उत्सव था, जो सदियों से समाज को जोड़ती आई है।

मुख्य वक्ता एवं सामाजिक समरसता गतिविधि के क्षेत्र संयोजक प्रमोद कुमार ने कहा कि समाज को तोड़ने वाली शक्तियां तभी पराजित होंगी, जब समाज को जोड़ने वाली संत परम्परा सशक्त होगी।



**हिसार।** अग्रोहा में एकत्रित संत समुदाय व विचार रखते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### नशामुक्ति का लिया संकल्प

संत-महात्माओं ने सामाजिक समरसता, नशामुक्ति, छुआछूत उन्मूलन, गौसंवर्धन, सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। विभाग सह संयोजक डॉ. सुखबीर सिंह ने बताया कि बैठक में सामाजिक समरसता को जन-आंदोलन बनाने और संत समाज के मार्गदर्शन में समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। विभाग संघचालक पवन कुमार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रांत कार्यवाह प्रताप सिंह, प्रांत सामाजिक समरसता गतिविधि संयोजक ज्ञान चंद जैन, विभाग कार्यवाह कृष्ण कुमार, जिला कार्यवाह सतीश कुमार, डॉ. रामनिवास, सह जिला संघ चालक कृष्ण यादव, प्रदीप शास्त्री, खुशी राम, सरपंच महावीर, कुलदीप सिंह (आदमपुर) व अन्य उपस्थित रहे।

### महिला आयोग की नवनियुक्त सदस्य सुनीता ने किया हांसी दौरा



**हांसी।** हरियाणा महिला आयोग की नवनियुक्त सदस्य सुनीता लोचब ने हांसी प्रवास के दौरान महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने महिला थाना, हांसी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा महिला शिकायतों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। इसके उपरांत आयोजित महिला बैठक में सुनीता लोचब ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि हरियाणा महिला आयोग महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक महिला को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए।

**ग्राम पंचायत बाण्डाहेड़ी, हिसार-II**
गांव बाण्डाहेड़ी, उप. तह. बालसमन्द, जिला हिसार

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाण्डाहेड़ी में कंडम राजकीय पशु औषधालय (GVD) की खुली बोली 07.07.2026 को सुबह 10.00 बजे से GVD में होगी। जमानत राशि 20000/- रूपये होगी तथा बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।**
सरपंच :
सुरेन्द्र पाल
मो. 9351432518

## खबर संक्षेप


हांसी। इंस्पेक्टर बने दोनों अधिकारी एसपी विनोद कुमार के साथ।

### दो एसआई बने निरीक्षक एसपी ने दी बधाई

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक ऋषि राम व सूरजभान को निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर उनके कंधों पर स्टार लगाए तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि पदोन्नति प्रत्येक पुलिस अधिकारी के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्यशैली का सम्मान है। उन्होंने दोनों अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता एवं लगन के साथ करते हुए आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं प्रदान करेंगे तथा विभाग की गरिमा को और ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

### पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते एक युवक काबू

**नारनौंद।** पुलिस की टीम ने थाना नारनौंद क्षेत्र के गांव थुराना में सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे एक युवक को रंगे हाथ काबू किया है। मुख्य सिपाही मनीष कुमार ने बताया कि सीआईए-2 की टीम गश्त व अपराध रोकथाम के दौरान बस स्टैंड थुराना पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि गांव थुराना निवासी सत्यवान धानक चौपाल के पास लोगों से अवैध रूप से सट्टा लगवा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वहां पर दबिश दी और एक पुलिस कर्मचारी को बोगस ग्राहक बनाकर भेजा गया, जिसने युवक से 100 रुपये का सट्टा लगवाया। इशारा मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपित युवक को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, एक बॉल पेन तथा सट्टा खाईवाली से संबंधित कुल 20,600 रुपये की नकदी बरामद हुई।

### सीआईए ने अवैध शराब सहित एक को पकड़ा

**बरवाला।** सीआईए बरवाला पुलिस टीम ने वार्ड 14 से अवैध शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए बरवाला प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान आरोपी उकलाना निवासी दिनेश को काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से करीब साढ़े आठ लीटर अवैध शराब हथकड़ बरामद हुई। आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### 12 बोतल अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने 12 बोतल अवैध शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कियया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मजीत सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही कपिल की टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर गिरफ्तार करके तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 12 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान गंगवा निवासी विनोद कुमार के रूप में हुई। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### पीओ स्टाफ ने उद्घोषित आरोपी को पकड़ा

**हिसार।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ के पीएसआई अजीत ने बताया कि उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए हांसी की जगदीश कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी एनआई एक्ट के एक मामले में अदालत द्वारा पीओ घोषित किया गया था और काफी समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## महाप्रबंधक की कार्यशैली के विरोध में धरना 49वें दिन भी जारी

# स्टेट विजिलेंस ने किया रोडवेज डिपो में निरीक्षण, जांच की उम्मीद

### डिपो में पेड़ काटने और निजी कंपनी की ईंटो से कमरे बनवाने पर रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

स्टेट विजिलेंस की टीम गुरुवार को राज्य परिवहन के हिसार डिपो में जांच के लिए पहुंची। टीम ने मौका तो देखा लेकिन कर्मशाला परिसर में पानी भरा होने की वजह से जांच आगे नहीं बढ़ सकी। ऐसे में टीम जांच के लिए दोबारा आएगी। इस संबंध में हिसार डिपो सांझा संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री, स्टेट विजिलेंस, सीएम फ्लाइंग सहित अन्य स्थानों पर शिकायत कर रखी है। शिकायत में डिपो में पेड़ काटने, निजी कंपनी द्वारा रखी ईंटों से कर्मचारियों के लिए कमरे बनवाने सहित अन्य मामले प्रमुख है। पेड़ काटने के मामले की शिकायत के लिए पिछले दिनों सीएम फ्लाइंग व वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से जांच की थी, जिसमें पाया गया था कि हाईकोर्ट की रोक के बावजूद डिपो से भारी संख्या में पेड़ काटे गए हैं। इससे न केवल हाईकोर्ट के आदेशों की अवलेहन हुई, बल्कि विभाग को भी वित्तीय हानि पहुंची। विजिलेंस टीम ने कर्मचारियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सांझा संघर्ष समिति का कहना है कि उन्हें निष्पक्ष जांच की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पहले भी सीएम फ्लाइंग और वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की गई थी, लेकिन उसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।


हिसार। धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो: हरिभूमि

#### कल उपायुक्त को सौंपेंगे ज्ञापन

उधर, रोडवेज डिपो में महाप्रबंधक के खिलाफ सांझा संघर्ष समिति का धरना गुरुवार को लगातार 49वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राजेश सेलवाल ने की, जबकि मंच संचालन वीरेंद्र कीर्तन ने किया। सांझा संघर्ष समिति ने निर्णय लिया कि तीन जुलाई को उपायुक्त को विस्तृत शिकायत पत्र एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# पंप पर पेट्रोल डलवाते ही बंद हुई गाड़ियां

- खाद्य आपूर्ति विभाग ने 4 नोजल की सील, वाहन चालकों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बरवाला उपमंडल के गांव बनभौरी स्थित चौधरी जिले सिंह एनर्जी स्टेशन पर पेट्रोल में पानी की मिलावट को लेकर वाहन चालकों ने भारी हंगामा किया। शिकायत मिलने के बाद हरकत में आए खाद्य आपूर्ति विभाग और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पेट्रोल पंप की चार नोजल को सील कर दिया है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को कई वाहन चालकों ने इस स्टेशन से अपनी गाड़ियों में पेट्रोल भरवाया था। पेट्रोल डलवाने के कुछ ही दूरी बाद गाड़ियां अचानक बंद हो गईं। जब चालकों को पेट्रोल में पानी होने का अंदेशा हुआ, तो उन्होंने पंप पर ही हंगामा शुरू कर दिया और इसकी लिखित शिकायत खाद्य आपूर्ति विभाग के उच्चाधिकारियों को दी। शिकायत मिलते ही जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अमित कुमार, सहायक खाद्य आपूर्ति नियंत्रक चंद्र मोहन, इंस्पेक्टर नवदीप पूनिया और एचपीसीएल के सेल्स ऑफिसर राजदीप तुरंत दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पेट्रोल के सैंपल लिए। सुरक्षा और पारदर्शिता के लिहाज से इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई। इसके बाद चारों नोजल को सील कर उन पर नोटिस चस्पा कर दिए गए।


हिसार। हाथ में पानी मिले तेल की बोतल लिए खड़े वाहन चालक। फोटो: हरिभूमि

#### एथनोल ब्लेंडिंग के कारण दिखा पानी: सेल्स ऑफिसर

जांच के दौरान एचपीसीएल के सेल्स ऑफिसर ने अधिकारियों को एक तकनीकी पहलू की जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा नियमों के तहत पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनोल मिलाया जाता है। यदि टैंक या गाड़ी में किसी भी वजह से पानी चला जाए, तो पानी के संपर्क में आते ही एथनोल और पेट्रोल अलग-अलग हो जाते हैं। इसी वजह से ग्राहकों को पेट्रोल में पानी की मिलावट दिखाई देती है।

#### आगामी आदेश तक चारों नोजल सील

*नियमों के मुताबिक पेट्रोल पंप की चारों नोजल को आगामी आदेश तक सील कर दिया गया है। इन सैंपलों को एचपीसीएल की आधिकारिक लैब में जांच के लिए भेजा जा रहा है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी और उसी के आधार पर आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। -अमित कुमार, डीएफएससी*

# दस साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

- पुलिस पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप
- पीड़िता की मां ने एसपी से मिलकर दी शिकायत, मिला कार्रवाई का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के एक गांव में लगभग 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने रोष जताया है। पीड़िता की मां ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत देकर मामले की जांच व आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत देने आई महिला ने आरोप लगाया कि घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी उकलाना थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई या मुकदमा दर्ज नहीं किया है, उल्टा पीड़ित परिवार पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है।

पीड़िता की मां ने एसपी से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ तुरंत प्रभाव से पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट और अन्य धाराओं में केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने महिला को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में उकलाना थाना क्षेत्र की महिला ने बताया कि गत 29 जून की दोपहर करीब 12:30 बजे उसकी 10 वर्षीय बेटी खाली नहर के पास खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस के खेत में ज्वार काट रहा आरोपी वहां आया। आरोपी ने मासूम को 500 रुपये का नोट दिखाकर अश्लील हरकत करने की नीयत से अपने कमरे में बुलाने का प्रयास किया। शिकायत के अनुसार, जब मासूम ने कमरे में जाने से साफ मना कर दिया तो आरोपी ने उसे जबरन खींचना शुरू कर दिया और विरोध करने पर उसे थप्पड़ भी मारे। बच्ची ने किसी तरह हाथ छुड़ाया और शोर मचाते हुए भागकर अपनी मां के पास पहुंची और पूरी आपबीती सुनाई। जब पीड़िता की मां आरोपी के पास उलाहना लेकर गई, तो आरोपी भड़क गया। आरोप है कि उसने महिला को सरेआम अपमानित करते हुए जातिसूचक गालियां दीं।

#### पुलिस की कार्रवाई पर सवाल

*पीड़िता की मां ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मां ने बताया कि घटना के तुरंत बाद 112 नंबर डायल कर पुलिस बुलाई थी, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया। उसी दिन उकलाना थाना में शिकायत दी गई थी, लेकिन चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस केस दर्ज करने में आनाकानी कर रही है।*

## ऑनलाइन ट्रेडिंग ठगी मामले में यूपी से एक और आरोपी गिरफ्तार

- 18 .50 लाख की साइबर ठगी मामले में अब तक 10 आरोपी गिरफ्तार, 60 हजार बरामद

**हांसी।** साइबर थाना पुलिस ने फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग और यूएसडीटी निवेश के नाम पर 18.50 लाख की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी की 60 हजार की राशि भी बरामद की गई है। साइबर थाना पुलिस ने वर्ष 2025 में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर की लद्धावाली, होज वाली मस्जिद निवासी गिरफ्तार किया। आरोपी से 60 हजार रुपये की धोखाधड़ी की रकम बरामद की गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने फेसबुक पर चौपड़ा आन्या नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर शिकायतकर्ता से संपर्क किया। इसके बाद व्हाट्सएप के जरिए बातचीत कर उसे फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग वेबसाइटों पर युएसडीटी में निवेश करने का लालच दिया। अधिक मुनाफे का झांसा देकर शिकायतकर्ता से अलग-अलग बैंक खातों में कई किस्तों में 18.50 लाख ट्रांसफर करवा लिए। जब शिकायतकर्ता ने अपनी निवेश की गई राशि वापस मांगी तो आरोपियों ने उससे संपर्क तोड़ दिया। शिकायत मिलने पर साइबर थाना पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, बैंकिंग ट्रेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए अब तक इस मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पूर्व में भी कई आरोपियों से धोखाधड़ी की राशि बरामद की जा चुकी है।

# लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण एवं आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश


हिसार। बैठक में निर्देश देते पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन।

- एसपी ने आर्थिक अपराधों एवं शिकायतों की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में डीएसपी मुख्यालय व क्राइम, प्रभारी आर्थिक अपराध शाखा तथा प्रभारी शिकायत शाखा के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आर्थिक अपराधों से संबंधित मामलों एवं लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज मामलों, लंबित जांचों तथा शिकायत शाखा में प्राप्त शिकायतों की एक-एक कर समीक्षा की। उन्होंने सभी मामलों में अनुसंधान की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा लंबित मामलों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों की जांच पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं तथ्यों के आधार पर निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित को न्याय मिलने में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं संवेदनशील तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि धोखाधड़ी, गबन, साइबर वित्तीय ठगी, निवेश के नाम पर ठगी तथा अन्य आर्थिक अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्यों के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। साथ ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। बैठक में शिकायत शाखा को निर्देश दिए।

# पानी की मांग पर महिलाओं का प्रदर्शन

- गुस्साई महिलाओं ने फूंका मुख्यमंत्री का सांकेतिक पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की महिला जिला प्रधान दर्शना ओला के नेतृत्व में आजाद नगर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुतला फूंका गया। यह प्रदर्शन चैनत गांव में पिछले 47 दिनों से पीने के पानी की किल्लत को लेकर चल रहे धरने के समर्थन में किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महिला जिला प्रधान दर्शना ओला और संगठन महासचिव स्नेहलता बैनीवाल ने कहा कि पानी हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है। चैनत गांव के लोग पिछले 47 दिनों से भीषण गर्मी में सिर्फ पीने के पानी की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं, वे सरकार से कोई राज नहीं मांग रहे। उप प्रधान गुड्डी धनखड़ ने रोष जताते हुए कहा कि पानी जैसी बुनियादी जरूरत के लिए आम जनता को इतना लंबा धरना देना पड़ रहा है, जो हरियाणा सरकार और स्थानीय प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तुरंत चैनत गांव की इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान कर धरना समाप्त करवाया जाए। इस विरोध प्रदर्शन में प्रियंका सहरावत, मीनाक्षी सांगवान, सुरेंद्र कौर, कृष्णा वर्मा, कृष्णा रेड्डू, सुमन महला और पुष्पा सहित भारी संख्या में महिलाएं मुख्य रूप से शामिल रहीं।


हिसार। प्रदर्शन करती महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

# मकान के सामने बिजली का पोल बना परेशानी

- एसडीएम ने निगम को उचित कार्रवाई के दिए निर्देश
- समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

समाधान शिविर में गुरुवार को एसडीएम राजेश खोथ ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न शिकायतें एवं समस्याएं प्राप्त हुईं, जिनके निस्तारण के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। शिविर के दौरान स्थानीय मुल्तान कॉलोनी निवासी शशि बाला ने अपनी शिकायत रखते हुए बताया कि उनके मकान के सामने बिजली का पोल लगा हुआ है, जिसके कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने बिजली के खंभे को हटाने की मांग रखी। इस पर एसडीएम ने बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके का निरीक्षण कर तुरंत उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें।


हांसी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ।

#### खाल भूमि पर कब्जा

इसी प्रकार मदनखेड़ी गांव निवासी मंजु ने अपनी शिकायत में बताया कि सिंघवा खास गांव में खेत की जमीन में बने खाल की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है, जिससे खेती कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर एसडीएम ने संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारियों को मामले की गहन जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शहर के वार्ड नंबर 9 निवासी राजेंद्र सिंह ने फैमिली आईडी में आई त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

### हेरोइन तस्करी में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक पुराने मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना के उप निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि 24 जून 2025 को सीआईए टीम ने आरोपी भूपेन्द्र पाल को 54.38 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान आरोपी भूपेन्द्र पाल से पूछताछ में खुलासा हुआ था कि बरामद हेरोइन उसे सिरसा निनवासी सुरेश सिंह ने उपलब्ध करवाई थी। जांच के दौरान एकत्रित साक्ष्यों एवं लगातार प्रयासों के आधार पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी सुरेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# टेंडर की बकाया धन राशि के भुगतान न करने का आरोप

*डीसी ने नगर निगम को दिए आगामी कार्रवाई के निर्देश*

- समाधान शिविर में डीसी महेंद्र पाल ने सुनी जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने शिविर में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। समाधान शिविर में हिसार निवासी हरिन्द्र कुमार द्वारा उनकी कॉलोनी में प्लॉटों की निशानदेही होने के बावजूद पड़ोसी द्वारा गलत दीवार निकालने व गांव धांसू एक निवासी द्वारा गाड़ी आगे लगाकर पूर्व नियोजित तरीके से हमला करके जान से मारने की कोशिश पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने की शिकायत पर डीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को इन मामलों की जांच कर आगामी कारवाई करने के निर्देश दिए। गांव आदमपुर के एक प्रार्थी ने नगरपालिका द्वारा निकाले गए टेंडर की बकाया धन राशि के भुगतान न होने से संबंधित शिकायत समाधान शिविर में रखी, जिस पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने नगर निगम को आगामी कारवाई करने की हिदायत दी।


हिसार। समाधान शिविर में शिकायतें सुनतें उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो: हरिभूमि

#### मोहब्बतपुर में अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई के आदेश

*गांव मोहब्बतपुर निवासियों द्वारा गांव में अवैध रूप से शराब बेचने की शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने पुलिस अधिकारियों को इस पर तुरंत कारवाई करने के निर्देश दिए। सेक्टर 9,11 निवासी नीलम द्वारा एचएसवीपी पोर्टल पर गलत मैपिंग ठीक करवाने की मांग पर उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों इसे ठीक करवाने के निर्देश दिए। आजाद नगर निवासी सुरेश चंद्र द्वारा उनकी कॉलोनी में पीने के पानी की समस्या को समाधान शिविर में रखा जिस पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित विभाग को जलापूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी शालिनी चेतल, एसीयूटी डॉ विवेक यादव, एसडीएम ज्योति मित्तल व डीडीपीओ नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।*

# 53.2 किलो डोडा पोस्त बरामद तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने वाणिज्य मात्रा में 53 किलो 240 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। इस कार्रवाई में तस्करी में इस्तेमाल एक स्विफ्ट कार को भी जब्त करके अर्बन एस्टेट थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम हाईवे एनएच-9ए पर रायपुर रेलवे पुल के नजदीक थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार में तीन युवक भारी मात्रा में डोडा पोस्त लेकर हिसार की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रायपुर चौक के निकट नाकाबंदी कर दी। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध स्विफ्ट कार सड़क किनारे खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम को देखकर कार में सवार तीनों युवक वाहन को मौके पर छोड़कर खेतों की ओर भाग गए। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कार राजस्थान के करौली जिले में पंजीकृत पाई गई। वाहन स्वामी एवं वाहन किराये पर लेने वाले व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर वाहन एक संदिग्ध व्यक्ति के कब्जे में होना पाया गया, जिसके विरुद्ध नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में मामला दर्ज किया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।


हिसार। कार से पकड़ी गई डोडा पोस्त।

#### तीन कट्टों में भरा था डोडा पोस्त

*पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से तीन प्लास्टिक कट्टों में कुल 53 किलो 240 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ, जिसमें पहले कट्टे से 20 किलो 300 ग्राम, दूसरे कट्टे से 17 किलो 320 ग्राम तथा तीसरे कट्टे से 15 किलो 620 ग्राम डोडा पोस्त मिला। बरामद डोडा पोस्त एवं तस्करी में इस्तेमाल कार को कब्जे में लेकर सील किया गया।*